# 31. विधानसभा-विधान परिषद

❑ राजस्थान की प्रस्तावित विधान परिषद में अधिक से अधिक कितने सदस्य हो सकते हैं? [HM 15.5.2012]

(1) 64 (2) 65 (3) 66 (4) 67

**Ans. (3)**

*व्याख्या* – संसद विधि द्वारा राज्यों में विधान परिषदों का उत्सादन या सृजन अनुच्छेद 169 के तहत किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 171 के अनुसार राज्य में विधान परिषद के सदस्यों की कुल संख्या राज्य की विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या के 1/3 से अधिक नहीं होगी, लेकिन 40 से कम भी नहीं होगी। ज्ञातव्य है कि राजस्थान विधानसभा ने विधानमण्डल के द्वितीय सदन (उच्च सदन) विधान परिषद (सदस्य-66) की स्थापना हेतु प्रस्ताव 18 अप्रैल, 2012 को पारित कर केन्द्र को भेजा था किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा इसे अस्वीकार कर दिया गया है। विधानपरिषद के गठन की प्रक्रिया संविधान में अस्थायी है, न कि अंतिम।

❑ भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत, राज्यों में विधान परिषद् का गठन किया जा सकता है? [JEN (Mechanical) Degree - 20.05.2022]

(1) अनु. 168 (2) अनु.169 (3) अनु. 170 (4) अनु. 171

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान विधानसभा द्वारा राजस्थान में विधान परिषद स्थापित करने का प्रस्ताव पारित हुआ था- [सूचना सहायक परीक्षा- 2013]

(1) 18 अप्रैल, 2010 (2) 18 अप्रैल, 2011
(3) 18 अप्रैल, 2012 (4) 18 अप्रैल, 2013

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राज्य विधान परिषद में सदस्यों की न्यूनतम संख्या क्या है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (I)]

(1) 40 (2) 50 (3) 60 (4) 30

**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राज्य विधान परिषद् के उत्सादन के लिए राज्य विधानसभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 169 के अन्तर्गत स्वीकृत संकल्प के बारे में निम्नांकित में से कौनसा कथन सही है- [R.A.S.- 27.10.2021]

(1) राज्यपाल पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।

(2) केन्द्र सरकार पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करे।

(3) राज्यपाल पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।

(4) केन्द्र सरकार पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें।

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से किस विधायी सदन को समाप्त किया जा सकता है? [RAS (Pre) Exam-28.08.2016]

(1) विधानसभा (2) विधानपरिषद्
(3) राज्यसभा (4) लोकसभा

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ विधान परिषद् के सदस्यों का चुनाव किया जाता है-

**1.** प्रत्यक्ष चुनाव से **2.** अप्रत्यक्ष चुनाव से
**3.** नामांकन से [CET : 04.02.2023 (S-II)]

(1) 1, 2 और 3 (2) 2 और 3
(3) 1 और 3 (4) 1 और 2

**Ans. (2)**

*व्याख्या* – विधान मंडल के सदन की संरचना का उपबंध करने की अंतिम शक्ति संसद को दी गई है (अनुच्छेद 171(2))। जब तक संसद इस विषय पर विधान नहीं बनाती तब तक इसकी संरचना उस प्रकार होगी जैसा कि संविधान में उल्लिखित है। संविधान में यह दिया गया है कि यह भागतः नाम निर्दिष्ट और भागतः निर्वाचित निकाय होगी। निर्वाचन अप्रत्यक्ष होगा और आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होगा। सदस्य विभिन्न स्रोतों से लिए जाएंगे। परिषद् की संरचना में अनेक प्रकार के लोग होंगे। मोटे तौर से परिषद् की कुल सदस्य संख्या के 5/6 सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होंगे और शेष (1/6) सदस्य राज्यपाल द्वारा नामनिर्दिष्ट होंगे।

❑ राज्य की विधान परिषद के कितने सदस्य विधान सभा द्वारा चुने जाते हैं? [पटवारी परीक्षा-2011]

(1) $\frac{1}{6}$ (2) $\frac{1}{3}$ (3) $\frac{1}{12}$ (4) $\frac{5}{6}$

**Ans. (2)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 171 के अनुसार राज्य विधान परिषद के $\frac{1}{3}$ सदस्य स्थानीय निकायों द्वारा, $\frac{1}{6}$ सदस्य राज्य के राज्यपाल द्वारा मनोनीत, $\frac{1}{12}$ सदस्य स्नातकों के निर्वाचक मण्डल द्वारा, $\frac{1}{12}$ सदस्य शिक्षकों के निर्वाचक मण्डल द्वारा, $\frac{1}{3}$ सदस्य विधानसभा के सदस्यों द्वारा उन लोगों में से चुने जाएंगे जो विधान सभा के सदस्य नहीं हैं।*

❐ **राज्य विधान परिषद में राज्यपाल द्वारा कितने सदस्यों का मनोनयन किया जाता है–**[REET L-II, 26.09.2021]

(1) 1/3 (2) 1/12 (3) 1/9 (4) 1/6

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान विधानसभा के ज्योति नगर स्थित भवन का लोकार्पण कब किया?**

[जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -II]

(1) 2001 (2) 2002 (3) 2005 (4) 2004

**Ans.** (1)

*व्याख्या – विधानसभा का नया भवन वर्ष 2001 में ज्योतिनगर, जयपुर में बनकर तैयार हुआ जिसका लोकार्पण 6 नवम्बर, 2001 को तत्कालीन राष्ट्रपति श्री के. आर. नारायणन ने किया। लालकोठी क्षेत्र, जयपुर में स्थापित इस भवन में जोधपुर, बंसी पहाड़पुर तथा करौली के इमारती पत्थर का उपयोग किया गया है। पुराना विधानसभा भवन जयपुर के सवाई मानसिंह टाउन हॉल में था।*

❐ **वर्ष 2000 तक इनमें से किस भवन को राजस्थान विधानसभा के रूप में उपयोग किया जा रहा था?**

[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-02.07.2022]

(1) सवाई प्रतापसिंह टाउन हॉल

(2) सवाई करणसिंह टाउन हॉल

(3) सवाई जयसिंह टाउन हॉल

(4) सवाई मानसिंह टाउन हॉल

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान का विधानसभा कहाँ स्थित है–**

[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]

(1) अल्बर्ट हॉल रोड, कोटा (2) किशनपोल, बीकानेर

(3) आमेर, जयपुर (4) लालकोठी, जयपुर

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राज्य विधान सभा के बारे में अधोलिखित पर विचार कीजिए–** [ग्राम सेवक परीक्षा, 18.12.2016]

**1. इसका समय काल पाँच वर्ष होता है।**

**2. इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री करता हैं।**

**3. इसका जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन होता है।**

**4. राज्यपाल को इसके विघटन का अधिकार है।**

**कूट:** (1) 1, 2 तथा 4 सही हैं।

(2) 1, 3 तथा 4 सही हैं।

(3) 2, 3 तथा 4 सही हैं।

(4) 1, 2 तथा 3 सही हैं।

**Ans.** (2)

*व्याख्या – विधानसभा की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष करता है। अनुच्छेद 178 के अनुसार प्रत्येक राज्य की विधानसभा अपने दो सदस्यों को अपना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनती है।*

❐ **वर्तमान राजस्थान राज्य विधानसभा में कितने सदस्य मनोनीत है?**

[PSI -07.10.2018]

(1) एक (2) एक भी नहीं (3) दो (4) तीन

**Ans.** (2)

*व्याख्या – राजस्थान में एक सदनीय विधानमंडल (विधानसभा) है। विधानसभा के निर्वाचित सदस्य विधानसभा सदस्य (MLA : Member of Legislative Assembley) कहलाते हैं। वर्तमान राजस्थान विधानसभा में सभी 200 सदस्य निर्वाचित है। हालांकि विधानसभा में 1 एँग्लो इंडियन सदस्य को राज्यपाल मनोनीत (वर्तमान में प्रावधान समाप्त कर दिया गया) कर सकता है।*

❐ **राजस्थान में पहली विधानसभा का समय है?**

[पटवार परीक्षा – 2008, Pre-2016]

(1) 1951–1956 (2) 1952–1957

(3) 1954–1959 (4) 1953–1958

**Ans. (2)**

*व्याख्या – प्रथम विधानसभा (29 फरवरी, 1952 से 1957) : इसके अध्यक्ष श्री नरोत्तमलाल जोशी (कॉंग्रेस विधायक, झुँझुनूँ) थे। इसकी सदस्य संख्या 160 थी।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राजस्थान राज्य विधान सभा का चुनाव पहली बार कब हुआ था? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (II)]

(1) 1950 (2) 1952
(3) 1954 (4) 1956

**Ans.** (2)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान की पहली विधान सभा में कितने सदस्य निर्वाचित हुए थे? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018(I)]

(1) 150 (2) 140 (3) 160 (4) 170

**Ans.** (3)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सन् 1952 के परिसीमन आयोग ने राजस्थान विधानसभा की सदस्य संख्या कितनी निर्धारित की थी? [RAS-28.08.2016]

(1) प्रत्येक जिले में 3 विधायक (2)188
(3)160 (4) 200

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान विधान सभा के लिए प्रथम आम चुनावों में काँग्रेस के बाद जिस राजनीतिक दल को द्वितीय सर्वाधिक स्थान प्राप्त हुए वह था-[RAS-31.10.2015] [II Grade - 30.07.2023 (S- II)]

(1) किसान मजदूर प्रजा पार्टी (2) हिन्दू महासभा
(3) भारतीय जनसंघ (4) रामराज्य परिषद

**Ans.** (4)

*व्याख्या- प्रथम राजस्थान विधानसभा चुनाव ( 1952 में 160 सीट ) में काँग्रेस को 82, रामराज्य परिषद को 24, भारतीय जनसंघ को 8, हिन्दू महासभा को 2, कृषक मजदूर पार्टी को 1 सीट तथा निर्दलीयों को 35 सीटें प्राप्त हुई।*

❑ 1952 के प्रथम आम चुनाव में लोकसभा की राजस्थान में कितनी सीटें थी? [जेल प्रहरी परीक्षा - 2017]

(1) 22 (2) 27 (3) 24 (4) 20

**Ans.** (4)

*व्याख्या – प्रथम आम चुनाव (1952) के समय लोकसभा में 20 सीटें ( 9 काँग्रेस, 3 अखिल भारतीय रामराज्य परिषद, 1 भारतीय जनसंघ, 1 कृषिकार लोक पार्टी, 6 अन्य ) तथा राज्यसभा में 10 सीटें थी।*

❑ राजस्थान में राज्यमंत्री व संसदीय सचिव पद की व्यवस्था कब प्रारम्भ की गई?[जेल प्रहरी परीक्षा-2017]

(1) चतुर्थ विधानसभा (2) सप्तम विधानसभा
(3) पंचम विधानसभा (4) तृतीय विधानसभा

**Ans.** (1)

*व्याख्या - चतुर्थ विधानसभा ( 1 मार्च, 1967 से 15 मार्च, 1972 )- अध्यक्ष-निरंजननाथ आचार्य। सदस्य संख्या -184 थी। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत ( कांग्रेस 89, स्वतंत्र पार्टी 48, भारतीय जनसंघ 22, आईएनडी 16 एवं अन्य 9 ) न मिलने के कारण राष्ट्रपति शासन 13 मार्च, 1967 से 26 अप्रैल, 1967 तक लागू रहा । राजस्थान में राज्यमंत्री व संसदीय सचिव पद की व्यवस्था प्रारम्भ।*

❑ राजस्थान विधानसभा चुनाव 1967 में स्वतंत्र पार्टी को कितने स्थानों पर विजय प्राप्त हुई? [मूल्यांकन अधिकारी 23.08.2020]

(1) 52 (2) 50 (3) 48 (4) 47

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ किस विधानसभा चुनाव में राजस्थान विधान-सभा की सदस्य संख्या 184 से बढ़ाकर 200 की गई? [VDO-28.12.2021 (S-II)] [कॉलेज व्याख्याता-2016] [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (II)]

(1) चौथा (2) पाँचवाँ (3) छठा (4) सातवाँ

**Ans.** (3)

*व्याख्या –षष्ठम् विधानसभा ( 22 जून, 1977 से 16 फरवरी, 1980 ) में सदस्य संख्या 184 से बढ़ाकर 200 कर दी गई। पहली बार गैर काँग्रेसी दल जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला। अध्यक्ष-महारावल लक्ष्मणसिंह व श्री गोपाल सिंह आहोर बनें। तृतीय बार राष्ट्रपति शासन लागू। राज्य में पहली बार विधानसभा 5 वर्ष से पहले ही भंग, पहले मध्यावधि चुनाव हुए जिसमें काँग्रेस को बहुमत मिला।*

❑ किस वर्ष में, राजस्थान विधानसभा की कुल सदस्य संख्या बढ़ाकर 200 की गई?[संरक्षण अधि.-29.05.2019] [JEN (Mechanical) Diploma- 20.05.2022]

(1) 1967 में (2) 1972 में (3) 1977 में (4) 1980 में

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नांकित में से कौन राजस्थान विधान-सभा के प्रथम गैर-कांग्रेसी अध्यक्ष थे? [कॉलेज व्याख्याता -2016]

(1) गोपाल सिंह (2) शांति लाल चपलोत
(3) हरीशंकर भाभड़ा (4) लक्ष्मण सिंह

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कौनसी विधानसभा भंग होने के कारण राजस्थान में प्रथम मध्यावधि चुनाव हुए?[CET -11.2.2023 (S-I)]

(1) छठी विधान सभा (2) सातवीं विधान सभा
(3) तीसरी विधान सभा (4) चौथी विधान सभा

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राजस्थान राज्य विधान सभा में कितने सदस्य हैं? [EO & RO : 14.05.2023 (S-I)]

(1) 100 (2) 120 (3) 148 (4) 200

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान में कितनी लोकसभा (सांसद) की सीटें हैं? [R.A.S.- 2003][जेल प्रहरी - 2017][II Gr. Teacher-2011] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (II), 2007(I)] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I), 08.11.2020 (I), ] [EO & RO : 14.05.2023 (S-I)]

(1) 20 (2) 25 (3) 10 (4) 28

**Ans.** (2)

*व्याख्या- षष्ठम लोकसभा (1977) में राजस्थान की लोकसभा सदस्य संख्या 23 से बढ़ाकर 25 कर दी गई। वर्तमान राजस्थान में 25 लोकसभा (25 सांसद चुने जाते हैं) तथा 10 राज्यसभा सहित कुल 35 सीटें है।*

❑ किस लोकसभा चुनाव में राजस्थान की सदस्य संख्या 23 से बढ़ाकर 25 कर दी गई? [जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -III]

(1) षष्ठम (2) सप्तम (3) चतुर्थ (4) पंचम

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ दिसम्बर, 2019 तक के अनुसार, भारतीय संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कितने सदस्यों द्वारा किया जा रहा है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]

(1) 40 (2) 20 (3) 10 (4) 5

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ संसद में राजस्थान से कितने सदस्य चुने जाते हैं? [स्कूल व्याख्याता परीक्षा-06.01.2020]

(1) 25 (2) 29 (3) 35 (4) 40

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में राजस्थान के एक विधायक का मत-मूल्य क्या है? [छात्रावास अधी., 2008] [RAS - 1.10.2023][II Grade (GK) 29.1.2023]

(1) 25 (2) 200 (3) 129 (4) 169

**Ans.** (3)

*व्याख्या - विधानसभा के एक सदस्य का मत उस राज्य की जनसंख्या में विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या में एक हजार के गुणनफल द्वारा भाग देकर प्राप्त किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में राजस्थान के एक विधायक का मत-मूल्य 129 है।*

❑ एक व्यक्ति बिना राजस्थान विधानसभा का सदस्य होते हुए भी कितने मास तक राजस्थान में मंत्री रह सकता है? [II Grade (Sanskart) Exam. 2011] [CET : 07.01.2023 (S-II)]

(1) 3 मास (2) 4 मास (3) 6 मास (4) 12 मास

**Ans.** (3)

*व्याख्या - यदि कोई व्यक्ति मंत्री पद पर नियुक्ति के समय विधानमण्डल का सदस्य नहीं है तो उसके लिए 6 माह के भीतर विधानमण्डल की सदस्यता प्राप्त करना आवश्यक होता है।*

❑ कौन राजस्थान विधानसभा की पहली महिला सदस्य (विधायक) थी- [Head Master -11.10.2021] [II Grade (Science) Exam. 2011]

(1) गंगा देवी (2) यशोदा देवी
(3) सुमित्रा सिंह (4) कमला बेनीवाल

**Ans.** (2)

*व्याख्या - श्रीमती यशोदा देवी : राज्य विधानसभा की पहली महिला विधायक जो 1953 में बाँसवाड़ा से उपचुनाव में विधायक चुनी गई।*

❑ राजस्थान विधानसभा की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन बनी - [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020] [EO & RO : 14.05.2023 (S-II)]

(1) सुमित्रा सिंह (2) विद्या पाठक
(3) उजला अरोड़ा (4) कमला बेनीवाल

**Ans.** (1)

*व्याख्या-सुमित्रा सिंह राजस्थान की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष (2003 से 2008 तक 12वीं विधानसभा में) है।*

❑ सुमित्रा सिंह, राजस्थान राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष कौनसी विधानसभा में बनीं? [CET : 04.02.2023 (S-I)]

(1) बारहवीं (2) तेरहवीं (3) दसवीं (4) ग्यारहवीं

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में से कौन राजस्थान की प्रथम महिला राज्यसभा सदस्य थी? [CET : 08.01.2023 (S-II)]

(1) गायत्री देवी (2) शारदा भार्गव
(3) प्रियंका चतुर्वेदी (4) सोनल मानसिंह

**Ans.** (2)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - राजस्थान की प्रथम महिला सांसद श्रीमती शारदा भार्गव ( प्रथम महिला राज्यसभा सदस्य ) 1952 में बनी थी।*

❑ **राजस्थान की प्रथम महिला कौन है, जिन्हें राजस्थान के मंत्रिमण्डल में स्थान मिला** [EO & RO 14.5.2023 (I)]

[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिप्लोमा -26.12.2020]

(1) गिरिजा व्यास (2) सुमित्रा सिंह

(3) विद्या पाठक (4) कमला बेनीवाल

**Ans.** (4)

*व्याख्या - कमला बेनीवाल राजस्थान के मंत्रिमण्डल में 1954 में पहली महिला मंत्री बनी।*

❑ **राजस्थान का वह राजनैतिक नेता कौन था जो 1952 से लेकर मृत्युपर्यन्त विधानसभा का सदस्य रहा?** [II Grade Teacher (Science) Ex., 2010]

(1) हरिदेव जोशी (2) मोहन लाल सुखाड़िया

(3) नाथूराम मिर्धा (4) मथुरादास माथुर

**Ans. (1)**

*व्याख्या-राज्य में हरिदेव जोशी ऐसे एकमात्र विधायक रहे, जो प्रथम चुनाव से लेकर दसवीं विधानसभा तक निरन्तर विजयी रहे तथा मृत्युपर्यन्त विधानसभा सदस्य रहे।*

❑ **निम्नांकित में से कौनसे मुख्यमंत्री राजस्थान विधानसभा में नेता -प्रतिपक्ष के पद पर नहीं रहे हैं?** [RAS Exam -05.08.2018]

**1.** हरिदेव जोशी **2.** शिवचरण माथुर

**3.** अशोक गहलोत **4.** वसुंधरा राजे

**सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-**

(1) 1, 2 और 3 (2) 2 और 3

(3) 3 और 4 (4) 1 और 4

**Ans.** (2)

*व्याख्या - मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर एवं अशोक गहलोत विधानसभा में नेता-प्रतिपक्ष के पद पर नहीं रहे।*

❑ **राजस्थान के कितने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है?**

[Head Master - 02.09.2018]

(1) तीन (2) चार

(3) पाँच (4) छः

**Ans.** (2)

*व्याख्या - 25 लोकसभा सीट : 4 सीट अनुसूचित जाति (SC) -1. गंगानगर, 2. बीकानेर, 3. भरतपुर, 4. करौली - धौलपुर,*

*3 सीट अनुसूचित जनजाति (ST)-1. दौसा, 2. उदयपुर, 3, बाँसवाड़ा हेतु आरक्षित है।*

❑ **राजस्थान में कितने विधानसभा चुनाव-क्षेत्र क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है-**

[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (II)]

[VDO-27.12.2021 (S-II)] [पटवार-23.10.2021 (Shift -I]

(1) कोई नहीं (2) 34, 25 (3) 25, 34 (4) 36, 23

**Ans.** (2)

*व्याख्या - राजस्थान की विधानसभा की 200 सीटों में से 34 सीटें अनुसूचित जाति, 25 अनुसूचित जनजाति एवं 141 सीटें सामान्य वर्ग के लिए है।*

❑ **राजस्थान विधानसभा के संबंध में कौनसा विकल्प सही नहीं है?** [II Grade (Sanskrit Dept.) -12.2.2023(S-I)]

(1) 32 सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं और 23 सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

(2) 1952 में पहली बार इसका गठन हुआ।

(3) राजस्थान विधानसभा में कुल 200 सदस्य हैं।

(4) यह एक सदनीय व्यवस्थापिका है।

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **..... विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।** [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]

(1) उदयपुर (2) चित्तौड़गढ़

(3) बाँसवाड़ा (4) भीलवाड़ा

**Ans.** (3)

*व्याख्या - बाँसवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जिसके सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं जबकि जोधपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ही एकमात्र ऐसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है जिसका एक भी विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति या जनजाति के लिए आरक्षित नहीं है। बाँसवाड़ा, डूँगरपुर व प्रतापगढ़ जिले ऐसे जिले हैं जिनके सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। जैसलमेर व राजसमंद जिले ऐसे जिले हैं, जिनमें एक भी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आरक्षित नहीं है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ **सबसे कम विधानसभा सीटों वाला जिला कौनसा है?** [जेल प्रहरी परीक्षा - 2017]

(1) धौलपुर, जैसलमेर (2) धौलपुर, दौसा
(3) प्रतापगढ़, जैसलमेर (4) प्रतापगढ़, दौसा

**Ans.** (3)

> ***व्याख्या*** – *न्यूनतम विधानसभा सीटें (सदस्य) वाला जिला - प्रतापगढ़ (2), जैसलमेर (2)*
> *सर्वाधिक विधानसभा सीटें (सदस्य) वाला जिला-जयपुर (19), अलवर (11)*

❑ **राजस्थान के किस जिले में सबसे अधिक विधान-सभा सीटें हैं?** [वनरक्षक-12.12.2022(S-I)]

(1) जयपुर (2) अलवर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौन राजस्थान विधानसभा के प्रोटेम अध्यक्ष, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे हैं?** [RAS - 5.8.2018]

(1) पूनम चंद विश्नोई (2) निरंजन नाथ आचार्य
(3) शांति लाल चपलोत (4) परसराम मदेरणा

**Ans.** (1)

> ***व्याख्या*** – *पूनम चंद विश्नोई राजस्थान विधानसभा में प्रोटेम अध्यक्ष (28-04-1967 से 02-05-1967), उपाध्यक्ष (09-05-1967 से 09-07-1971) तथा अध्यक्ष (06-06-1980 से 09-03-1985) रही।*

❑ **लोकसभा में राजस्थान से चुनी गई अनुसूचित जनजाति की पहली महिला सांसद हैं-** [JEN (Agri.) 10.09.2022]

(1) श्रीमती वसुंधरा राजे (2) शारदा देवी
(3) सुशीला बंगारू (4) उषा मीना

**Ans.** (4) *उषा मीना-सवाईमाधोपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र*

❑ **'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम' के अनुसार विधानसभा में मंत्री परिषद् में अविश्वास प्रस्ताव के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?**

**(1) प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति प्रश्नों के बाद और उस दिन की कार्य सूची का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व माँगनी होगी। (2) अनुमति माँगने वाले सदस्य को उस दिन की बैठक प्रारंभ होने से पहले सचिव के पास, उस प्रस्ताव की, जिसे वह प्रस्तुत करना चाहे लिखित सूचना देनी होगी। (3) प्रस्ताव समग्र सदस्य संख्या के कम से कम दसवें भाग से समर्थिक होना चाहिए।**

[II Grade GK -31.10.2018]

(1) 1, 2 (2) 1, 2, 3 (3) 2, 3 (4) 1, 3

**Ans.** (1)

> ***व्याख्या*** – *राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम संख्या 132(2) के अनुसार प्रस्ताव समग्र सदस्य संख्या के कम से कम पाँचवें भाग से समर्थिक होना चाहिए।*

❑ **राजस्थान विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटाये जाने पर यह विधेयक सदन के सम्मुख पुनः रखने के लिए अधिकृत है-** [II Grade (Sanskrit Dept.) -12.2.2023(S-I)]

(1) मुख्य सचेतक (2) विधानसभा अध्यक्ष
(3) नेता प्रतिपक्ष (4) मुख्यमंत्री

**Ans.** (2)

❑ **राजस्थान की प्रथम विधानसभा के अध्यक्ष थे-** [II Grade (Hindi) Exam. 2011]

(1) शांतिलाल चपलोत (2) नरोत्तमलाल जोशी
(3) रामनिवास मिर्धा (4) श्रीमती सुमित्रा सिंह

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** – *राजस्थान की प्रथम विधानसभा के अध्यक्ष-*

| विधानसभा | विधानसभा अध्यक्ष |
|---|---|
| • प्रथम | नरोत्तमलाल जोशी |
| • दूसरी | रामनिवास मिर्धा |
| • तीसरी | रामनिवास मिर्धा |
| • चौथी | निरंजननाथ आचार्य |
| • पाँचवी | रामकिशोर व्यास |
| • छठी | महारावल लक्ष्मणसिंह, गोपालसिंह आहोर |
| • सातवीं | पूनमचंद विश्नोई |
| • आठवीं | हीरालाल देवपुरा |
| • नवीं | हरिशंकर भाभड़ा |
| • दसवीं | हरिशंकर भाभड़ा व व शांतिलाल चपलोत |
| • ग्यारहवीं | परसराम मदेरणा |
| • बारहवीं | सुमित्रा सिंह |
| • तेरहवीं | दीपेन्द्र सिंह शेखावत |
| • चौदहवीं | कैलाश मेघवाल |
| • पन्द्रहवीं | सी.पी. जोशी |
| • सोलहवीं | वासुदेव देवनानी |

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान विधानसभा के द्वितीय अध्यक्ष कौन थे? [II Grade GK - 22.12.2022]

(1) रामनिवास मिर्धा (2) राम किशोर व्यास
(3) लक्ष्मण सिंह (4) नरोत्तम लाल जोशी

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान की 13वीं विधानसभा के अध्यक्ष हैं– [III[rd] Grade Teacher-2012][II Grade (English) Exam. 2011]

(1) दीपेन्द्र सिंह शेखावत (2) मनमोहन सिंह
(3) घनश्याम तिवाड़ी (4) सोनिया गांधी

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ कौन कभी भी राजस्थान राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष नहीं रहे?[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-15.7.2018 (II)]

(1) यदुनाथसिंह (2) करनसिंह
(3) अहमद बख्श सिंधी (4) रामचंद्र

Ans. (2)

*व्याख्या –उपाध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा : एक दृष्टि में*

- *लालसिंह शक्तावत (31.3.1952 - 31.3.1957)*
- *निरंजन नाथ आचार्य (1.05.1957 - 01.03.1962)*
- *नारायण सिंह मसौदा (07.05.1962 - 28.02.1967)*
- *पूनम चंद विश्नोई (09.05.1967 - 19.07.1971)*
- *रामनारायण चौधरी (11.11.1971 - 15.03.1972)*
- *रामसिंह यादव (25.03.1972 - 30.04.1977)*
- *रामचन्द्र (08.09.1977 - 17.02.1980)*
- *अहमद बख्श सिंधी (28.03.1981 - 14.10.1982)*
- *गिर्राज प्रसाद तिवाड़ी (29.03.1985 - 31.01.1986)*
- *किशन मोटवानी (28.10.1986 - 01.03.1990)*
- *यदुनाथ सिंह (05.05.1990 - 21.03.1991)*
- *हीरासिंह चौहान (25.03.1991 - 14.12.1992)*
- *शांति लाल चपलोत (27.09.1994 - 07.04.1995)*
- *सामरथ लाल मीणा (04.05.1995 - 24.07.1998)*
- *तारा भण्डारी (28.07.1998 - 30.11.1998)*
- *देवेन्द्र सिंह (26.03.1999 - 04.12.2003)*
- *रामनारायण विश्नोई (19.07.2004 - 10.12.2008)*
- *रामनारायण मीणा (29.02.2012 - 09.12.2013)*
- *राव राजेन्द्र सिंह (18.09.2015-2018)*

❒ राजस्थान विधानसभा के पहले उपाध्यक्ष कौन थे– [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (II)]

(1) निरंजन नाथ आचार्य (2) लाल सिंह शक्तावत
(3) नारायण सिंह मसूदा (4) पूनम चंद विश्नोई

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से कौन कभी भी राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता नहीं रहे?[पुलिस कॉन्स्टेबल-15.7.18 (II)]

(1) परसराम मदेरणा (2) राम नारायण चौधरी
(3) प्रो. केदारनाथ शर्मा (4) यदुनाथ सिंह

Ans. (4)

*व्याख्या –राजस्थान विधानसभा के विपक्ष के नेता - एक दृष्टि में -*

| *विधानसभा* | *नेता विपक्ष* |
|---|---|
| • *प्रथम* | *जसवंत सिंह, तानसिंह* |
| • *दूसरी* | *नरेन्द्र सिंह* |
| • *तीसरी* | *लक्ष्मण सिंह* |
| • *चौथी* | *लक्ष्मण सिंह* |
| • *पाँचवी* | *लक्ष्मण सिंह* |
| • *छठी* | *परसराम मदेरणा, रामनारायण चौधरी, लक्ष्मण सिंह* |
| • *सातवीं* | *भैरोंसिंह शेखावत* |
| • *आठवीं* | *भैरोंसिंह शेखावत, प्रो. केदारनाथ शर्मा* |
| • *नवीं* | *हरिदेव जोशी* |
| • *दसवीं* | *परसराम मदेरणा* |
| • *ग्यारहवीं* | *भैरोंसिंह शेखावत, गुलाब चन्द कटारिया* |
| • *बारहवीं* | *बी.डी. कल्ला, रामनारायण चौधरी, हेमा राम चौधरी* |
| • *तेरहवीं* | *वसुंधरा राजे, गुलाबचन्द कटारिया* |
| • *चौदहवीं* | *रामेश्वर लाल डूडी* |
| • *पन्द्रहवीं* | *गुलाबचन्द कटारिया* |
| • *सोलहवीं* | *टीकाराम जूली ( प्रथम दलित नेता प्रतिपक्ष )* |

❒ निम्न में से कौन राजस्थान के प्रथम विपक्ष के नेता थे? [वनरक्षक-12.12.2022(S-I)]

(1) जसवंत सिंह (2) लक्ष्मण सिंह
(3) परसराम मदेरणा (4) रामनारायण चौधरी

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान की विधानसभा में वर्तमान नेता प्रतिपक्ष कौन हैं– [रसायनज्ञ परीक्षा-06.08.2024]

(1) अशोक गहलोत (2) टीकाराम जूली
(3) शांति धारीवाल (4) गोविंद सिंह डोटासरा

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 13वीं राजस्थान विधान सभा के कुल कितने सत्र हुए ? [RAS Pre Exam-19.11.2013]

(1) 9 (2) 11 (3) 13 (4) 14

Ans. (2)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या : राजस्थान विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम-3 में उल्लेख किया गया है कि एक कलैंडर वर्ष में कम से कम तीन सत्र होंगे तथा सभी सत्रों की बैठकों की कुल संख्या 60 से कम नहीं होगी।* इस प्रकार पांच वर्षों में तीन सौ बैठकें होनी चाहिए थी, लेकिन तेरहवीं विधानसभा में 11 सत्रों में मात्र 119 बैठकें ही हो पाई।

❑ भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 (2) के उपबन्धों के तहत यदि कोई विधेयक भारत की संसद द्वारा पारित होने के पश्चात राजस्थान विधानसभा के पास संकल्प द्वारा अनुसमर्थन के लिये आता है, तो

1. विधानसभा संकल्प पारित करती है।
2. विधानसभा संकल्प अस्वीकार कर सकती है।
3. ऐसे संकल्प में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए- [RAS Exam - 05.08.2018]

(1) केवल 1 (2) 2 और 3
(3) 1 और 3 (4) 1, 2, और 3

**Ans.** (4)

*व्याख्या – राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम संख्या 118 के अनुसार विधानसभा संकल्प को पारित अथवा अस्वीकार कर सकती है, किन्तु ऐसे संकल्प में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया जा सकता।*

❑ राजस्थान विधानसभा में 'लोक महत्त्व के किसी विषय पर स्थगन प्रस्ताव' की प्रक्रिया के नियम के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?

1. प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है।
2. प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जा सकता है।
3. प्रस्ताव हाल ही घटित किसी विशिष्ट घटना तक सीमित रहेगा।
4. एक ही बैठक में एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं होंगे। [RAS Exam - 05.08.2018]

(1) 1, 2 और 3 (2) 1, 2 और 4
(3) 1, 3 और 4 (4) 1 और 4

**Ans.** (3)

*व्याख्या – राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम संख्या 52(6) के अनुसार 'लोक महत्त्व के किसी विषय पर स्थगन प्रस्ताव' के सम्बन्ध में प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता है।*

❑ अनुसूचित जाति की कितनी महिलायें 14वीं राजस्थान विधान सभा की सदस्य हैं? [कॉलेज व्याख्याता -2016]

(1) 12 (2) 11 (3) 10 (4) 9

**Ans.** (1)

*व्याख्या : 16वीं राजस्थान विधान सभा में अनुसूचित जाति की महिला सदस्य संख्या 7 है।*

❑ 14वीं राजस्थान विधान सभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों में कितनी महिला सदस्य निर्वाचित हुई हैं? [Jr. Accountant 04.10.16]

(1) 2 (2) 3 (3) 5 (4) 6

**Ans.** (2)

*व्याख्या : 16वीं राजस्थान विधान सभा में अनुसूचित जनजाति की महिला सदस्य संख्या 2 है।*

❑ पंद्रहवीं लोकसभा में राजस्थान से कितनी महिला सांसद चुनी गई? [II Grade (English) Exam. 2011]

(1) 3 (2) 5 (3) 7 (4) 9

**Ans.** (1)

*व्याख्या- उल्लेखनीय है कि 17वीं लोकसभा चुनाव में राजस्थान से 3 महिला-भरतपुर से रंजीता कोहली, दौसा से जसकौर मीणा तथा राजसमंद से दीया कुमारी चुनी गई।*

❑ विधानसभा में अभिभाषण का एवं संदेश भेजने का राज्यपाल का संविधानतः है-[संरक्षण अधि.-29.05.2019]

(1) अधिकार (2) शक्ति (3) कृत्य (4) कर्तव्य

**Ans.** (1)

*व्याख्या- अनुच्छेद 175 - सदन में अभिभाषण का और उनको संदेश भेजने का राज्यपाल का अधिकार।*

❑ राजस्थान का कौनसा विधानसभा क्षेत्र एक से अधिक जिलों में फैला हुआ है (2013 विधानसभा चुनाव में)? [कॉलेज व्याख्याता परीक्षा-2016]

(1) नाथद्वारा (2) छबड़ा
(3) जहाजपुर (4) सिवाना

**Ans.** (1)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या- राजस्थान में 11 सीटें जिनके पोलिंग बूथ दो जिलों में हैं-*

| विधानसभा क्षेत्र | जिले |
|---|---|
| 1. मसूदा | - अजमेर, भीलवाड़ा |
| 2. राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ | - अलवर, दौसा |
| 3. घाटोल | - बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ |
| 4. अंता | - बारां, कोटा |
| 5. निम्बाहेड़ा | - चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ |
| 6. बड़ी सादड़ी | - चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ |
| 7. महुवा | - दौसा, अलवर |
| 8. टोडाभीम | - करौली, दौसा |
| 9. धरियावाद | - प्रतापगढ़, उदयपुर |
| 10. भीम | - राजसमंद, भीलवाड़ा |
| 11. नाथद्वारा | - राजसमंद, उदयपुर |

❒ **राजस्थान राज्य विधान सभा में वर्तमान में कितनी स्थायी समितियाँ ( चार वित्त समितियों के अतिरिक्त ) अस्तित्व में है?** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)]

(1) 20 (2) 17 (3) 15 (4) 12

**Ans.** (2)

*व्याख्या - राजस्थान विधानसभा में 17 स्थायी समितियाँ हैं। इनके अतिरिक्त 4 वित्तीय समितियाँ -1. लोकलेखा समिति, 2. प्राक्कलन समिति-क, 3. प्राक्कलन समिति-ख, 4. सरकारी उपक्रमों से सम्बन्धित समिति*

❒ **राजस्थान विधान सभा की वित्तीय समितियों के बारे में विचार कीजिए :** [RAS Pre Exam-19.11.2013]

(A) तीन वित्तीय समितियाँ हैं।
(B) प्रत्येक समिति में 15 सदस्य होते है।
(C) समितियों के सभापति विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।
(D) समितियाँ अपना प्रतिवेदन विधान सभा को प्रस्तुत करती है।

सही कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) (A) एवं (B) (2) (A), (B) एवं (C)
(3) (B), (C) एवं (D) (4) (A), (B), (C) एवं (D)

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान विधानसभा के संबंध में निम्न में से कौन-सा /से कथन सही है/हैं-** [Assistant Professor-22.9.2021]

**1. 1952 में राजस्थान विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 160 थी।**

**2. राजस्थान विधानसभा में प्रक्रिया व कार्य-संचालन के नियम पहली बार 1956 में निर्मित किए गए।**

**3. राजस्थान विधानसभा की 18 स्थायी समितियाँ हैं, जिनमें से 4 वित्त संबंधी है।**

(1) केवल 1 व 2 (2) केवल 1 व 3
(3) केवल 2 और 3 (4) 1, 2 व 3

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों' के अनुसार निम्नांकित में से कौनसे विभाग के प्राक्कलन, प्राक्कलन समिति 'क' के नियंत्रणाधीन नहीं है-**

[R.A.S.- 27.10.2021]

(1) सार्वजनिक निर्माण विभाग (2) गृह विभाग
(3) शिक्षा विभाग (4) वित्त विभाग

**Ans.** (2)

*व्याख्या - प्राक्कलन समिति 'क' और 'ख'- सभापति सहित 15 सदस्य, सदन द्वारा एकल संक्रमणीय मत द्वारा 1 वर्ष के लिए चुनाव। इसका कार्य प्राक्कलनों से संबंधित नीति संगत मितव्ययिताएँ देखना, व्यय ठीक ढंग से किया गया है अथवा नहीं की जाँच करना।*

***प्राक्कलन समिति 'क' के अन्तर्गत नियंत्रणाधीन प्रशासनिक विभाग*** *- उद्योग एवं खान विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, विधि एवं न्याय विभाग तथा विधि परामर्शी का कार्यालय, संसदीय मामलात विभाग, आयोजना विभाग, मंत्रिमण्डल सचिवालय, आबकारी एवं कराधान विभाग, वन विभाग, स्वायत्त शासन -शहरी विकास एवं आवासन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग, भाषा विभाग, नगर आयोजना विभाग।*

***प्राक्कलन समिति 'ख' नियत्रंणाधीन प्रशासनिक विभाग*** *- राजस्व विभाग, सहकारिता, पशुपालन एवं समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई, उपनिवेशन तथा मण्डी विभाग, इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना विभाग, नागरिक रसद विभाग, खाद्य विभाग, निर्वाचन विभाग, सांख्यिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, श्रम एवं रोजगार विभाग, गृह विभाग, अकाल सहायता एवं पुनर्वास विभाग, राजकीय उपक्रम विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग।*

❒ **राजस्थान विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों का कार्यकाल है-** [II Grade (GK) 29.1.2023]

(1) दो वर्ष (2) पाँच वर्ष
(3) चार वर्ष (4) एक वर्ष

**Ans.** (4)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या –जन/लोक लेखा समिति-सभापति सहित 15 सदस्य, सदन द्वारा एकल संक्रमणीय मत द्वारा 1 वर्ष के लिए चुनाव। इसका कार्य राज्य के व्यय लेखों की जाँच करना है। इसका प्रथम बार गठन 10 अप्रैल, 1952 को किया गया।*

❑ **किस समिति की सिफारिश पर राजस्थान विधान सभा राज्यपाल के अभिभाषण में निर्दिष्ट विषयों की चर्चा के लिए सामान्यतः समय नियत करेगी?**
[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]
(1) नियम समिति (2) विशेषाधिकार समिति
(3) कार्य सलाहकार समिति (4) आचरण समिति
**Ans.** (3)

***व्याख्या** – कार्य सलाहकार समिति में 15 सदस्य, अध्यक्ष, सभापति होते हैं। इस समिति में विधानसभा अध्यक्ष स्वयं ही इसका अध्यक्ष होता है। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सदस्य 1 वर्ष के लिए मनोनीत किये जाते हैं। इसका कार्य सदन में चर्चा के क्रम, घंटों, दिन/दिनों के बारे में सिफारिश करना है।*

❑ **राजस्थान विधानसभा की किस समिति के सदस्यों को विधानसभाध्यक्ष द्वारा मनोनीत किया जाता है–**
[मूल्यांकन अधिकारी-23.08.2020]
(1) प्राक्कलन समिति 'क' (2) राजकीय उपक्रम समिति
(3) कार्य सलाहकार समिति (4) जनलेखा समिति
**Ans.** (3)***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान विधानसभा का अध्यक्ष होता है–**
[Head Master -11.10.2021]
(1) विशेषाधिकार समिति
(2) नियम समिति और नियम उप समिति
(3) अधीनस्थ विधान समिति (4) प्रश्न संदर्भ समिति
**Ans.** (2)

***व्याख्या** – नियम समिति– सभापति सहित 15 सदस्य, अध्यक्ष द्वारा मनोनीत। विधानसभा अध्यक्ष इसका पदेन सभापति होता है। इसका कार्य सदन की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के विषयों पर विचार करना एवं सिफारिश देना होता है।*

❑ **स्पीकर की अनुपस्थिति में, विधान मण्डल द्वारा पारित किसी विधेयक को राज्यपाल को भेजे जाने से पूर्व निम्न में से कौन प्रमाणित करता है?**
[PSI - 13.09.2021][कॉलेज व्याख्याता (सारंगी)-30.05.2019]
(1) उपाध्यक्ष (2) विधानसभा सचिवालय का सचिव
(3) संसदीय सचिव (4) मुख्यमंत्री
**Ans.** (2)

❑ **राजस्थान विधानसभा के इतिहास में 30 जून, 2016 तक कितनी बार विश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ और उस पर चर्चा हुई?** [RAS (Pre) Exam-28.08.2016]
(1) चार बार (2) तीन बार (3) दो बार (4) एक बार
**Ans.** (1)

***व्याख्या**– अब तक 5 बार विश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है– भैरोंसिंह शेखावत के समय तीन बार (23 मार्च 1990, 18 नवम्बर 1990, 31 दिसम्बर 1993), अशोक गहलोत के समय 2 बार (3 जनवरी 2009, 14 अगस्त 2020)।*

❑ **राजस्थान विधानसभा में अंतिम बार कब अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया?** [II Grade (S-II) -29.1.2023]
(1) 1993 (2) 2009 (3) 1985 (4) 2018
**Ans.** (3)

***व्याख्या**– राजस्थान विधानसभा में **प्रथम अविश्वास प्रस्ताव** मुख्यमंत्री टीकाराम पालीवाल (प्रथम विधानसभा) के समय 1952 तथा **अन्तिम बार अविश्वास प्रस्ताव** हरिदेव जोशी (आठवीं विधानसभा) के समय 1985 में प्रस्तुत किया गया।*

❑ **कौन राज्य विधान सभा के साधारण निर्वाचन की अधिसूचना जारी करता है–** [PSI - 15.09.2021]
(1) भारत निवाचन आयोग (2) राष्ट्रपति
(3) राज्यपाल (4) राज्य निर्वाचन आयोग
**Ans.** (3)

❑ **जनवरी, 2020 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान की कितनी महिला उम्मीदवार राज्यसभा की सदस्य है–** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (II)]
(1) एक (2) दो (3) शून्य (4) तीन
**Ans.** (3)*

***व्याख्या**–27 अगस्त, 2024 में राज्यसभा चुनाव के उपरान्त राजस्थान से कांग्रेस के 5 (सोनिया गाँधी, नीरज डांगी, प्रमोद कुमार, मुकुल वासनिक एवं रणदीप सुरजेवाला) एवं भाजपा के 5 (रवनीत सिंह, चुन्नी लाल गरासिया, श्री मदन राठौड़, राजेन्द्र गहलोत एवं घनश्याम तिवाड़ी) राज्यसभा सदस्य हैं।*

❑ **2012 में राजस्थान से राज्य सभा के लिए कांग्रेस पार्टी से सम्बन्धित कितने सदस्य चुने गए ?**
[H.M. 15 May, 2012] [PTI III Grade 16 May, 2012]
(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 5
**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ निम्नलिखित में से कौनसा धन विधेयक के सम्बन्ध में सही नहीं है? [JEN (Civil) Degree - 18.05.2022]
(1) राज्यपाल की पूर्व संस्तुति के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाता है।
(2) यह मंत्री के द्वारा पेश किया जाता है।
(3) 14 दिन पश्चात् स्वत: पारित हो जाता है।
(4) विधानसभा का कोई भी सदस्य इसे पेश कर सकता है।
**Ans.** (4)

*व्याख्या– जब धन विधेयक अनुच्छेद 198 के अधीन विधान परिषद को प्रेषित किया जाता है और जब वह अनुच्छेद 200 के अधीन अनुमति के लिए राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है तब प्रत्येक धन विधेयक पर विधान सभा के अध्यक्ष के हस्ताक्षर सहित यह प्रमाण पृष्ठांकित किया जाएगा कि वह धन विधेयक है।*

❐ राजस्थान में प्रोटेम स्पीकर को शपथ कौन दिलाता है? [CET -11.2.2023 (II)] [JEN (Civil) Dip.- 18.05.2022]
(1) विधानसभा सदस्य (2) मुख्यमंत्री
(3) नेताप्रतिपक्ष (4) राज्यपाल
**Ans.** (4)

*व्याख्या – प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा और शपथ भी राज्यपाल द्वारा दिलाई जाती है। इसकी नियुक्ति तब तक के लिए होती है जब तक स्थायी विधानसभा का अध्यक्ष नहीं चुन लिया जाए। प्रोटेम स्पीकर ही नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाता है। विधानसभा अध्यक्ष अपना शपथ विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नाम लेकर विधानसभा सदस्य के रूप में लेता है।*

❐ राजस्थान का राज्यपाल किसे पद की शपथ नहीं दिलाता है? [II Grade (S-II) -29.1.2023]
(1) राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को
(2) राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष को
(3) राजस्थान विधानसभा के सदस्य को
(4) राज्य के मंत्री को
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान विधानसभा के प्रथम प्रोटेम स्पीकर कौन थे? [CET : 07.01.2023 (S-I)]
(1) यशवंतसिंह नाहर (2) पूनमचंद विश्नोई
(3) नारायणसिंह मसूदा (4) महाराव संग्रामसिंह
**Ans.** (4)

*व्याख्या –प्रोटेम स्पीकर राजस्थान विधानसभा :*

| प्रोटेम स्पीकर | नियुक्ति | शपथ |
|---|---|---|
| 1. महाराव संग्राम सिंह | 24.03.1952 | 27.03.1952 |
| 2. नारायण सिंह मसूदा | 22.04.1957 | 23.04.1957 |
| 3. नारायण सिंह मसूदा | 07.03.1962 | 10.03.1962 |
| 4. पूनम चंद विश्नोई | 28.04.1967 | 02.05.1967 |
| 5. यशवंत सिंह नाहर | 17.03.1972 | 19.03.1972 |
| 6. मेजर फतेह सिंह | 13.07.1977 | 17.07.1977 |
| 7. परसराम मदेरणा | 03.07.1980 | 03.07.1980 |
| 8. लक्ष्मण सिंह | 11.03.1985 | 16.03.1985 |
| 9. पूनम चंद विश्नोई | 08.03.1990 | 12.03.1990 |
| 10. पूनम चंद विश्नोई | 22.12.1993<br>05.04.1995<br>18.07.1998 | 22.12.1993<br>-<br>- |
| 11. भैंरूसिंह शेखावत | 14.12.1998 | 03.01.1999 |
| 12. गंगाराम चौधरी | 06.01.2004 | 14.01.2004 |
| 13. देवी सिंह पाटिल | 24.12.2008 | 25.12.2008 |
| 14. प्रद्युम्न सिंह | 02.01.2014 | 20.01.2014 |
| 15. गुलाब चंद कटारिया | 08.01.2019 | 14.01.2019 |
| 16. कालीचरण सराफ | 18.12.2023 | 18.12.2023 |

❐ 15वीं राजस्थान विधानसभा के प्रो-टेम अध्यक्ष कौन थे–[Assist. Professor-22.9.2021][PTI (Grade II)-30.4.2023] [II Grade (S-II) -29.1.2023]
(1) प्रद्युम्न सिंह (2) परसराम मोरदिया
(3) भँवर लाल मेघवाल (4) गुलाबचंद कटारिया
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम के अनुसार, प्रश्नों के वर्गीकण की संख्या है–[स्कूल व्याख्याता (शारीरिक शिक्षा)- 21.10.2022]
(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 5
**Ans.** (2)

*व्याख्या–प्रश्नों का वर्गीकरण–प्रश्न तीन वर्गों के होंगे, अर्थात्–*
*( 1 ) तारांकित प्रश्न – तारांकित प्रश्न वे प्रश्न हैं जिनका कोई सदस्य मौखिक उत्तर चाहता है और जिसके संबंध में पूरक प्रश्न पूछे जा सकेंगे।*
*( 2 ) अतारांकित प्रश्न – अतारांकित प्रश्न वे प्रश्न हैं जिनके लिखित में सम्बन्धित सदस्य को उत्तर दिये जायेंगे।*
*( 3 ) अल्प सूचना प्रश्न – अल्प सूचना प्रश्न वे हैं जिनका कोई सदस्य पूरे चौदह दिनों से कम अवधि के भीतर मौखिक उत्तर चाहता है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ सार्वजनिक महत्त्व के एक मामले के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए, राजस्थान विधानसभा का सदस्य अन्तः सत्र अवधि के दौरान एक सप्ताह में कितने अतारांकित प्रश्न की सूचना दे सकता है- [मूल्यांकन अधिकारी-23.08.2020]

(1) एक (2) तीन (3) पाँच (4) सात

Ans. (1)

*व्याख्या - प्रत्येक सदस्य लोक महत्त्व के विषय पर जानकारी प्राप्त करने के लिए अन्तःसत्रकाल में एक सप्ताह में अधिक से अधिक एक अतारांकित प्रश्न की सूचना दे सकेगा। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सरकार को 30 दिवस की अवधि में सीधा सदस्य को अवश्य भेजना होगा और उत्तर की एक प्रति विधानसभा को भेजनी होगी।*

❑ कौनसा कथन गलत है- [VDO-28.12.2021 (S-II)]

(1) मुख्यमंत्री संसदीय सचिव को शपथ दिलाता हैं।

(2) मंत्रियों की सहायता के लिए संसदीय सचिवों की नियुक्ति की जाती है।

(3) राज्य सरकारें विधायकों में से संसदीय सचिवों की नियुक्ति करती रही हैं।

(4) तीसरी अनुसूची में संसदीय सचिवों के लिए शपथ या प्रतिज्ञान का प्रारूप शामिल है।

Ans. (4)

*व्याख्या - **संसदीय सचिव** -मंत्रियों के अतिरिक्त संसदीय सचिव भी होते हैं। ये दल के नए व युवा व्यक्ति होते हैं जिन्हें लम्बा राजनीतिक व शासकीय अनुभव होता है। इसके द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें शासकीय दायित्व का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। राजस्थान में संसदीय सचिव की नियुक्त मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है एवं वही इन्हें शपथ दिलाता है।*

❑ राज्य के विधानमण्डल के किसी सदन का अधिवेशन गठित करने के लिए गणपूर्ति का प्रावधान भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में किया गया है ? [PTI (Grade II)-30.4.2023]

(1) अनुच्छेद 189(1) (2) अनुच्छेद 189(2)
(3) अनुच्छेद 189(3) (4) अनुच्छेद 185(1)

Ans. (3)

❑ किसकी सलाह पर राज्यपाल राजस्थान विधानसभा सदस्य की निर्योग्यता संबंधी मामलों का निर्णय कर सकता है? [II Grade (GK) 29.1.2023]

(1) मुख्यमंत्री (2) निर्वाचन आयोग
(3) राष्ट्रपति (4) विधानसभा अध्यक्ष

Ans. (2)

*व्याख्या - अनुच्छेद 192 -सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित प्रश्नों पर विनिश्चय- (1) यदि यह प्रश्न उठता है कि किसी राज्य के विधान-मंडल के किसी सदन का कोई सदस्य अनुच्छेद 191 के खंड (1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं तो वह प्रश्न राज्यपाल को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अंतिम होगा। (2) ऐसे किसी प्रश्न पर विनिश्चय करने से पहले राज्यपाल निर्वाचन आयोग की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा।*

❑ निम्न में से किसने राजस्थान विधानसभा में सर्वाधिक बार बजट प्रस्तुत किया है? [II Grade GK - 24.12.2022]

(1) वसुन्धरा राजे (2) अशोक गहलोत
(3) चन्दनमल बैद (4) मथुरादास माथुर

Ans. (1)*

***व्याख्या** - गहलोत की पहली सरकार 1998 से 2003 के बीच वित्त मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने बजट पेश किया था लेकिन बाद में 2008 से 2013 और 2018 से 2023 (10 फरवरी 2023 को 10वीं बार बजट पेश) तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही वित्त मंत्री के रूप में बजट प्रस्तुत कर पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे (10 बार बजट पेश) की बराबरी कर ली है।*

❑ राजस्थान विधानसभा के संदर्भ में निम्न कथनों को ध्यान से पढ़कर कथन चुनिए [II Grade GK - 22.12.2022]

1. अध्यक्ष का निर्वाचन उस तिथि को होगा जो सदन तय करे।

2. उस तय तिथि की सूचना राज्यपाल प्रत्येक सदस्य को भेजेंगे।

(1) 1 गलत, 2 सही है (2) 1 व 2 दोनों सही है
(3) 1 सही व 2 गलत है (4) 1 व 2 दोनों गलत है

Ans. (4)

***व्याख्या -प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियम, अध्याय-3, नियम-7 : सदन द्वारा अध्यक्ष का निर्वाचन** - (1) अध्यक्ष का निर्वाचन उस तिथि को होगा जो राज्यपाल निश्चित करे और सचिव प्रत्येक सदस्य को उस तिथि की सूचना देगा।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राजस्थान से अधिकतम चार बार राज्य सभा के लिए कौन निर्वाचित हुआ? [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]

(1) अशोक गहलोत (2) गिरिजा व्यास
(3) ज्ञान प्रकाश पिलानिया (4) राम निवास मिर्धा

**Ans. (4)**

*व्याख्या* -राजस्थान में सर्वाधिक बार निर्वाचित राज्यसभा सदस्य श्री रामनिवास मिर्धा (4 बार -1967-1968, 1968, 1974, 1980-1986 में राज्यसभा सदस्य चुने गए) एवं श्री जसवंतसिंह (भाजपा) थे जो चार बार 1980-1999 तथा 1998-2010 तक (सर्वाधिक अवधि) राज्यसभा सदस्य रहे।

❑ राजस्थान विधानसभा द्वारा अब तक गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा प्रस्तुत कितने विधेयक पारित किए गए हैं? [II Grade GK - 24.12.2022]

(1) 4 (2) 3 (3) 5 (4) 6

**Ans. (1)**

*व्याख्या* -राजस्थान विधानसभा द्वारा अब तक गैर सरकारी सदस्यों द्वारा **4 विधेयक** पारित किये गए हैं, यथा - 1. राजस्थान कानूनी चिकित्सक (संसोधन) विधेयक 1952, 2. कुछ जानवरों की राजस्थान संरक्षण (संशोधन) विधेयक 1954, 3. राजस्थान सामाजिक शिक्षा बोर्ड विधेयक 1958, 4. राजस्थान पशु और पक्षी बलिदान (निषेध) विधेयक 1973

❑ राजस्थान विधानसभा में कटौती प्रस्तावों की ग्राह्यता की शर्त नहीं है? [II Grade GK - 21.12.2022]

(1) वह उस विषय का निर्देश नहीं करेगी जो मुख्यतया राज्य सरकार का विषय नहीं हो।
(2) उसका सम्बन्ध केवल एक माँग से होगा।
(3) उसमें विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जाएगा।
(4) उसमें वर्तमान विधियों का संशोधन या निरसन करने के लिए सुझाव नहीं दिये जाएंगे।

**Ans. (3)**

*व्याख्या* - राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम, 1959 के अनुसार उसमें विशेषाधिकार का प्रश्न नहीं उठाया जाएगा।

❑ राजस्थान की प्रथम विधानसभा हेतु निर्वाचन में जयनारायण व्यास निम्नांकित में से किन निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्याशी थे? [II Grade GK - 24.12.2022]

(1) जालौर 'बी' एवं बिलाड़ा
(2) जोधपुर शहर 'ए' एवं जालौर 'बी'
(3) जोधपुर शहर 'बी' एवं मेड़ता पश्चिम
(4) जालौर 'ए' एवं जोधपुर शहर 'बी'

**Ans. (4)**

*व्याख्या* - राजस्थान की प्रथम विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्र जालौर 'ए' से जागीरदार माधोसिंह एवं जोधपुर शहर 'बी' से हनुमंत सिंह विजयी रहे। दोनों क्षेत्रों में जयनारायण व्यास प्रत्याशी थे और दोनों जगह से हार गये थे। इसके पश्चात व्यास के चुनाव हारने के बाद टीकाराम पालीवाल ने 3 मार्च, 1952 को राज्य के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हालांकि 1 नवम्बर को किशनगढ़ से उपचुनाव जीतकर जयनारायण व्यास ने मुख्यमंत्री पद दुबारा संभाल लिया।

❑ कौनसा कथन राजस्थान विधान- सभा में लोक महत्त्व के किसी विषय पर स्थगन -प्रस्ताव के संदर्भ में नहीं है-[प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग)-12.3.2021]

(1) एक ही बैठक में एक से अधिक ऐसा प्रस्ताव नहीं किया जायेगा।
(2) स्थगन प्रस्ताव की सूचना उस दिन की बैठक प्रारंभ होने से पूर्व, जिस दिन कि प्रस्ताव करने का विचार हो, अध्यक्ष को दी जाएगी।
(3) प्रस्ताव हाल ही में घटित किसी विशिष्ट विषय तक सीमित रहेगा।
(4) प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न नहीं उठाया जायेगा।

**Ans. (2)**

*व्याख्या* -स्थगन प्रस्ताव की सूचना उस दिन की बैठक प्रारंभ होने से पूर्व, जिस दिन कि प्रस्ताव करने का विचार हो, अध्यक्ष, सम्बन्धित मंत्री और सचिव को दी जाएगी।

❑ 'राजस्थान की राजनीति : सामन्तवाद से जातिवाद के भँवर में' पुस्तक के लेखक कौन हैं? [मूल्यांकन अधिकारी -23.08.2020]

(1) विजय भण्डारी (2) विजय कोठारी
(3) जगदीश चन्द्र (4) मिलाप कोठारी

**Ans. (1)**

*व्याख्या* - राजस्थान की राजनीति के परिप्रेक्ष्य में डॉ. विजय भण्डारी ने 'राजस्थान की राजनीति : सामन्तवाद से जातिवाद के भँवर में' पुस्तक में वोट का आधार योग्यता, काम, सेवा तथा सिद्धान्त न रहकर केवल मात्र जातिवाद को माना है। राजस्थान में धर्म से ज्यादा जातिगत वोटों के ध्रुवीकरण की राजनीति होती रही है।

Scanned with OKEN Scanner

❑ **राजस्थान विधान सभा में डिज़िटल म्यूजियम का नाम है –** [II Grade (S-II) -29.1.2023]

(1) राजस्थान पॉलिटिक्स म्यूज़ियम

(2) पॉलिटिकल नैरेटिव म्यूज़ियम

(3) लेजिस्लेटर्स ऑफ राजस्थान म्यूज़ियम

(4) फ्रीडम फाइटर्स ऑफ राजस्थान म्यूज़ियम

**Ans.** (2)

*व्याख्या* –*राजस्थान विधानसभा में देश के प्रथम डिजिटल म्यूजियम 'राजनीतिक आख्यान संग्रहालय' (पॉलिटिकल नैरेटिव म्यूज़ियम) का उद्घाटन 16 जुलाई, 2022 को मुख्य न्यायाधीश एन.बी. रमना ने किया।*

❑ **राजस्थान विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति का अध्यक्ष कौन होगा?** [II Grade (S-II) -29.1.2023]

(1) विधानसभा अध्यक्ष (2) विधानसभा का नेता

(3) राजस्थान विधानसभा में विपक्ष का नेता

(4) सदन का कोई सदस्य जिसे स्पीकर नियुक्त करें

**Ans.** (1)

❑ **सही कथन की पहचान कीजिए-**

[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]

(1) राज्यपाल द्वारा अनुमोदित होने के उपरान्त ही एक मंत्री द्वारा किसी विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।

(2) विधानसभा के किसी भी सदस्य द्वारा विधानसभा में विधेयक प्रस्तुत किया जा सकता है।

(3) कोई भी विधेयक स्पीकर के पूर्व अनुमोदन के बिना विधान सभा में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

(4) राज्य विधानसभा के प्रति राज्यपाल उत्तरदायी नहीं होता है।

**Ans.** (*)

**व्याख्या** – *अध्यक्ष से सरकार द्वारा प्रार्थना की जाने पर, वह किसी विधेयक के राज-पत्र में प्रकाशन का आदेश दे सकेगा।*

*मंत्री के अतिरिक्त कोई सदस्य, जो किसी विधेयक को पुन:स्थापित करने की अनुमति के लिए प्रस्ताव करना चाहता हो, अपने इस अभिप्राय की सूचना देगा। नियम के अन्तर्गत विधेयक को पुन:स्थापित करने की अनुमति के लिए प्रस्ताव की सूचना की कालावधि पन्द्रह दिन होगी यदि अध्यक्ष इससे कम समय की सूचना पर प्रस्ताव किए जाने की अनुमति न दे दे।*

❑ **राजस्थान में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बारे में निम्नांकित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है-**

[Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) 1952 में राजस्थान विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 160 थी।

(2) राजस्थान राज्य विधानसभा के लिए कुल निर्वाचन क्षेत्रों की वर्तमान संख्या का निर्धारण 2001 की जनगणना के आधार पर हुआ है।

(3) 2026 तक राजस्थान राज्य विधानसभा के लिए कुल निर्वाचन क्षेत्र 200 ही रहेंगे।

(4) राजस्थान राज्य विधानसभा के लिए कुल निर्वाचन क्षेत्र 200 हैं।

**Ans.** (2)

***व्याख्या** – राजस्थान राज्य विधानसभा के लिए कुल निर्वाचन क्षेत्रों की वर्तमान संख्या का निर्धारण 1971 की जनगणना के आधार पर हुआ है।*

❑ **राजस्थान विधानसभा के किसी सदस्य के त्यागपत्र के संबंध में निम्नांकित में से कौनसा कथन सही नहीं है–**[II Grade (GK) 29.1.2023]

(1) यदि कोई सदस्य अध्यक्ष के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थित होकर त्यागपत्र सौंपता है और सूचित करता है कि त्यागपत्र स्वैच्छिक और असली है और अध्यक्ष के पास उसके विपरीत कोई सूचना अथवा ज्ञान नहीं है, अध्यक्ष तुरंत त्यागपत्र स्वीकार कर सकता है।

(2) यदि अध्यक्ष को त्यागपत्र पोस्ट अथवा किसी अन्य के माध्यम से प्राप्त होता है, अध्यक्ष स्वयं की संतुष्टि के लिए त्यागपत्र स्वैच्छिक और असली है, जाँच करवा सकता है, जैसा वह उचित समझे।

(3) कोई सदस्य अपना त्यागपत्र अध्यक्ष को सौंपने के 30 दिनों के भीतर अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।

(4) कोई सदस्य जो सदन में अपनी सदस्यता से त्यागपत्र देना चाहता है, अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अध्यक्ष को सूचित करेगा।

**Ans.** (3)

*व्याख्या* – ***राजस्थान विधानसभा कार्य संचालन एवं प्रक्रिया : अध्याय 21– सदन के स्थानों का त्याग तथा उनकी रिक्तता** : जो सदस्य सदन के अपने स्थान का त्याग करना चाहे वह सदन के अपने स्थान का त्याग करने के विचार की सूचना अध्यक्ष को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा देगा। कोई सदस्य अध्यक्ष द्वारा स्वीकार किये जाने से पूर्व अपना त्याग पत्र वापस ले सकेगा।*

Scanned with OKEN Scanner